


नवभारत 02
भोपाल, गुरुवार, 31 जुलाई, 2025

**एक नजर में**



## तिलभांडेश्वर महादेव पर नागेश्वर श्रृंगार

**सारंगपुर 30 जुलाई, सं.** शहर के अति प्राचीन बाबा श्री तिलभांडेश्वर महादेव मंदिर मे विराजित बाबा तिलभांडेश्वर महादेव का नाग पंचमी मंगलवार को समिति के सदस्य संतोष पुष्पद द्वारा नागेश्वर स्वरूप का श्रृंगार किया, नाग पंचमी पर बड़ी सख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर पोहच कर दर्शन लाभ लिया.

## 3 माह के राशन वितरण की अंतिम तारीख आज

**राजगढ़ 30 जुलाई, का.** जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी अजीत कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 अन्तर्गत इस माह पात्र परिवारों को 31 जुलाई तक ही राशन वितरण होगा. उसके पश्चात तीन माह का राशन वितरण किसी भी परिस्थिति में अगले माह नहीं होगा. समस्त पात्रता पर्ची धारी हितग्राहियों से पात्रतानुसार माह जून, जुलाई एवं अगस्त का खाद्यान्न आगामी 31 जुलाई तक उचित मूल्य दुकान में उपस्थित होकर प्राप्त करने का आग्रह किया है.

## किसान सायबर ठगों से रहे सावधान

**राजगढ़ 30 जुलाई, का.** किसानों के कल्याण और कृषि विकास की हितग्राही मूलक योजनाओं के नाम पर सायबर ठगों से सावधान करने के लिये कृषि अभियांत्रिकी द्वारा एडवायजरी जारी की है. संचालक अभियांत्रिकी ने बताया कि कस्टम हायरिंग सेंटर योजना का लाभ दिलाने के नाम पर स्वयं को विभागीय अधिकारी के रूप में अपना परिचय देकर सायबर ठगी करते है. ऐसे प्रकरण सामने आ रहे हैं. उन्होंने कहा कि कृषक हितग्राही योजनाओं के अंतर्गत कस्टम हायरिंग योजना की प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी है. इस प्रक्रिया में किसी भी हितग्राही से योजना संबंधी संपर्क नहीं किया जाता है. अनजान नंबरों से आने वाले कॉल, वॉट्सऐप कॉल/वीडियो कॉल/अन्य सोशल मीडिया से प्राप्त होने वाले कॉल नबंर हो तो उन्हें बिल्कुल भी न उठाये जाए.

## बिना दस्तावेज ठहरने की अनुमति पर रोक

**राजगढ़ 30 जुलाई, का.** आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों द्वारा होटल, लॉज, धर्मशाला एवं सराय आदि में बिना वैध फोटोयुक्त पहचान पत्र प्रस्तुत किए अस्थायी रूप से निवास किया गया व इन अस्थायी ठिकानों से ही योजनाबद्ध रूप से अपराधिक गतिविधियां संचालित की गई है. यह स्थिति लोक शांति एवं जान-माल की सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती है. इस प्रकार की गतिविधियां जहाँ सार्वजनिक सुरक्षा हेतु खतरा उत्पन्न करती है वही नागरिकों में भय असुरक्षा एवं अव्यवस्था की भावना को भी जन्म देती है. ऐसी स्थिति में जिले की सीमा में स्थित ऐसे सभी होटल, लॉज, धर्मशाला, सराय को सख्ती से किसी भी व्यक्ति को बिना वैध फोटोयुक्त पहचान पत्र प्राप्त किए ठहरने की अनुमति न दिए जाने एवं अतिथियों का विवरण संबंधित थाने को उपलब्ध कराए जाने हेतु प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है, जिससे कोई अपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति किसी भी होटल एवं अन्य संरचनाओं का दुरूपयोग न कर सके. कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा सहिता 2023 की धारा

# विभाग की मनमानी से परेशान विद्युत उपभोक्ता

### उपभोक्ताओं के द्वारा बराबर अपने बिल जमा कर रखे हैं बावजूद इसके उन उपभोक्ताओं को भी बिजली नहीं मिल पा रही

**जिनके बिल जमा वह भी अंधेरे में**

**परेशान उपभोक्ताओं ने की 181 पर शिकायत**



**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा 30 जुलाई, का. ग्राम गांगाहोनी में विद्युत उपभोक्ताओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. गांव का एक ट्रांसफार्मर जला हुआ पड़ा है. इस ट्रांसफार्मर से कनेक्शन वाले जिन उपभोक्ताओं के बिल जमा है उनको भी अंधेरे में रहना पड़ रहा है. उपभोक्ता का कहना है कि विद्युत विभाग के जिम्मेदारों की मनमानी से खासे परेशान है. बिजली नहीं होने पर शिकायत करते है तो जिम्मेदार फोन नहीं उठाते और कोई अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ता नजर आता है.**

उपभोक्ताओं का कहना है कि बिजली समस्या को लेकर लाइनमेन को फोन लगाते है तो वह फोन नहीं उठाते. ग्रीड पर फोन लगाओं तो कहा जाता है कि हम लाइनमेन के बिना कुछ कहे कुछ नहीं कर सकते है. अधिकारी भी फोन नहीं उठाते आखिरकार उपभोक्ता क्या करें.

### बिल जमा फिर भी अंधेरे में

गांव में एक विद्युत ट्रांसफार्मर मार्च माह फुंक जाने के बाद से खराब पड़ा है. इस पर करीब 75 कनेक्शन है उसमें से लगभग 45 उपभोक्ताओं के द्वारा बराबर अपने बिल जमा कर रखे है बावजूद इसके उन उपभोक्ताओं को भी बिजली नहीं मिल पा रही है. उपभोक्ताओं का कहना है कि आये दिन डीओ उड़ने से बिजली की समस्या से जूझना पड़ रहा है. लाइनमेन को फोन लगाओं तो फोन नहीं उठाते है जब ग्रीड पर कहते है तो वहां से यह कहा जाता है कि जो लाइनमेन कहेंगे वही करेंगे.

### बिना निराकरण के शिकायत बंद की

उपभोक्ताओं का कहना है कि जब उनके द्वारा इस मामले की शिकायत सीएम हेल्पलाइन 181 पर की गई तो बिना कोई निराकरण के शिकायत को बंद कर दिया गया. इस तरह बेवजह उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. बिजली नहीं मिलने के कारण अनेक प्रकार की कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है.

----------------

मैंने अभी-अभी यहां ज्वाईन किया है, मामला क्या है मैं दिखवाता हूं, नियमानुसार जो भी उचित होगा किया जाएगा.

**लखनलाल मेहरा**
**जेई, विद्युत वितरण कंपनी मलावर क्षेत्र**

### उपभोक्ताओं से कह रहे बकाया बिल जमा कराओ

आश्चर्यजनक बात यह है कि जिन उपभोक्ताओं के द्वारा बिल जमा होने पर बिजली सप्लाई के लिए कहा जाता है तो विभाग के जिम्मेदार यह कहते है कि बकायादारों से बिल जमा करवाओं तो हम बिजली सप्लाई बहाल कर देंगे. अब यह कहां का तर्क है कि बकायादारों की राशि जमा करवाने अन्य उपभोक्ता उनको कहेंगे. जबकि यह कार्य विभाग का है न कि आम उपभोक्ता का. ऐसे में जिन उपभोक्ता के बिल जमा है वह भी परेशान हो रहे है.

## आंगनबाड़ियों का हो रहा कायाकल्प

**राजगढ़ 30 जुलाई, का.** आंगनबाड़ी को सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों के रूप में उन्नत किया जा रहा है. महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में लगभग 25 प्रतिशत केंद्रों को आधुनिक तकनीक और मूलभूत सुविधाओं से सुसज्जित कर स्मार्ट बनाया जा रहा है. यह पहल प्रदेश में प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा को मजबूती प्रदान करेगी और बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी. इस योजना के तहत प्रत्येक चयनित आंगनबाड़ी केंद्र को 1 लाख रूपये की लागत से उन्नत किया जा रहा है. उन्नयन में एलईडी (स्मार्ट टीवी), वॉटर प्यूरीफायर, वर्षा जल संचयन प्रणाली, पोषण वाटिका, और श्ष्टष्टश्च गतिविधियों के लिये संसाधनों की स्थापना सम्मिलित है.

**बच्चों को मिलेगी स्मार्ट शिक्षा**
प्रारंभिक शिक्षा को रोचक और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आंगनबाड़ी केंद्रों में एलईडी स्मार्ट टेलीविज़न लगाए जा रहे हैं. इनका उपयोग 3 से 6 वर्ष के बच्चों को हिन्दी-अंग्रेज़ी वर्णमाला, गिनती, और अन्य पूर्व-प्राथमिक शिक्षा गतिविधियों के विज़ुअल टूल्स के माध्यम से ज्ञान देने में किया जाएगा.

## जाट एसोसिएशन पुणे के वार्षिक स्नेह सम्मेलन में सम्मान




**नवभारत न्यूज**
**पचोर 30 जुलाई, सं. पुणे जाट एसोसियेशन द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिक स्नेह सम्मेलन आयोजित किया. जिसमें हरियाली तीज महोत्सव भी साथ में संपन्न हुआ.**

इस वार्षिक सम्मेलन में अ.भा.जाट महासभा महाराष्ट्र के प्रदेशाध्यक्ष मंगलचंद चौधरी मुख्य अतिथि रहे. विशिष्ट अतिथि राजेंद्र सिंह जाट पचोर राष्ट्रीय सचिव जाट महासभा, ब्रिगेडियर बिल पूनियां, श्रीमती राजरानी अहलावत, कैप्टन चमन सिंह सिरोही व दलबीर सिंह चौधरी रहे.

कार्यक्रम के अंतर्गत हरियाली महोत्सव को मनाते हुए राजेंद्र चौधरी, शिव जी, रामजी, कुलदीप चौधरी, अजय रिणवा, जिले सिंह मान, धनसिंह, विशेष अहलावत, श्रीमती निशा चौधरी, प्रहलाद जाखड, रवि जाट, कपूर सिंह खत्री, रमेश चौधरी, श्रीमति रुक्मणि चौधरी, उमेश चौधरी, सतीष पूनिया, सतीष सांगवान, ब्रजमोहन चौधरी,खेताराम चौधरी ने बड़े भाव से हिंदू किसान संस्कृति के अनुसार हरियाली तीज महोत्सव मनाया.

कार्यक्रम में हरियाणा से पधारे कलाकारों द्वारा बाद्ययंत्रों के साथ भजन कीर्तन किये गये.

जाट एसोसियेशन द्वारा आयोजित वार्षिक स्नेह सम्मेलन के दौरान परीक्षाओं में अव्वल रहे परीक्षार्थियों एवं खेल प्रतिस्पर्धाओं में विजय रहे प्रतिभागियों का अतिथियों एवं मुख्य अतिथि द्वारा सम्मान किया गया गया. कार्यक्रम में हजारों की संख्या में महिला एवं पुरुषवर्ग उपस्थित रहा.

मुख्य अतिथि मंगल चंद चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा कि समाज में एकजुट होना आवश्यक है. हम हरियाणा के मुख्यमंत्री से मिलकर महाराष्ट्र में जाटों के लिये हरियाणा के नाम से जाट भवन बनवाएंगे.

कार्यक्रम को राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र सिंह जाट ने संबोधित करते हुए कहा कि जाट अपना काम इमानदारी से करता है चाहे देश के अंदर सेवा में कार्यरत हो मौके पर अपने प्राण निछावर देश की सेवा में करता है. खेलों में मेडल जीत कर लाता है, किसी भी गतिविधि में जाट समाज बढ़ चढ़कर भाग लेता है. कार्यक्रम में देश के विभिन्न प्रांतों से जाट समाज के लोग आयोजन में शामिल हुए.

कार्यक्रम का संचालन ओम चौधरी स्याग एवं कैप्टन चमन सिंह ने संयुक्त रूप से किया.

## सर्पदंश को रोकने एंटीवेनम की उपलब्धता जरूरी

**राजगढ़ 30 जुलाई, का.** वर्षाकाल के दृष्टिगत सर्पदंश की घटनाओं के नियंत्रण एवं बेहतर प्रबंधन के लिए जिले की सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं को को एंटी वेनम की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं. सीएमएचओ सुधीर डेहरिया ने बताया कि सर्पदंश की घटनाओं से होने वाली हानि के रोकने के लिए जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं को निर्देशित किया गया है कि वे अपनी संस्था में एंटी वेनम का आवश्यकतानुसार 03 माह का स्टॉक उपलब्ध रखें. ताकि सर्पदंश के बाद जल्द से जल्द मरीज को एंटी वेनम दिया जा सके.

## आरोपी शिक्षक की सेवा समाप्ति के लिए सौंपा ज्ञापन



**नवभारत न्यूज**
**सारंगपुर 30 जुलाई, सं. हिन्दू उत्सव समिति सारंगपुर ने गाय के साथ अप्राकृतिक कृत्य करने वाले आरोपी शासकीय शिक्षक मोहम्मद राशिद की सेवा समाप्ति के संबंध मे जिला शिक्षा अधिकारी, राजगढ़ के नाम का एक ज्ञापन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारंगपुर के प्राचार्य दिनेश गुप्ता को सौपा.**

ज्ञापन का वाचन करते हुए समिति अध्यक्ष डॉ. ध्रुव भल्ला ने बताया कि विद्यालय में पदस्थ मोहम्मद राशिद ने गौ माता के साथ अनैतिक व अप्राकृतिक कृत्य किया है. जिससे सम्पूर्ण हिन्दू समाज में रोष व्याप्त है. ऐसा घृणित कार्य करने वाला आरोपी शिक्षा देने जैसे पवित्र कार्य करने के योग्य नही है. अत: सम्पूर्ण हिन्दू समाज उक्त आरोपी शिक्षक की तुरन्त सेवा समाप्ति की मांग करता है. ऐसा नही किया जाने पर हिन्दू समाज द्वारा उग्र प्रदर्शन किया जाएगा. इस अवसर पर कैलाश गौड़, अनिल जैन, सतीश गिरजे, राकेश माहेश्वरी, संतोष प्रजापति, निकेश पुष्पद, अभिषेक गिरजे आदि उपस्थित थे. उल्लेखनीय है कि सारंगपुर में गाय के साथ अप्राकृतिक कृत्य करने वाले शासकीय शिक्षक मोहम्मद राशिद को पुलिस ने 28 जुलाई को गिरफ्तार कर लिया है. सारंगपुर के अकोदिया नाके क्षेत्र मे लगे सीसीटीवी कैमरे से उक्त कृत्य का खुलासा हुआ था. ये घटना 25 जुलाई की है और 27 जुलाई की रात्रि को वीडियो पुटेज वाइरल हुआ था.

## माध्यमिक विद्यालय की छत गिरी

### कमलसरा गांव के शासकीय स्कूल का मामला

**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा/उदनखेड़ी 30 जुलाई, सं. सारंगपुर तहसील के उदनखेड़ी के समीप कमलसरा गांव स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय की छत बुधवार को बारिश के चलते भरभराकर गिर गई. हालांकि इसमें किसी प्रकार के कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है.**

मावि कमलसरा शाला भवन के एक कमरे की छत का एक हिस्सा अधिक बारिश के कारण गिर गया. विदित है कि चार वर्ष पूर्व से उक्त कमरे का उपयोग नहीं किया जा रहा है. शाला को प्राथमिक खंड के अतिरिक्त कक्ष में संचालित कर रहे है. ब्लॉक समन्वय बीएल वर्मा एवं सब इंजीनियर पवन जोशी के द्वारा निरीक्षण किया गया.



## तीन किलोवॉट रूफटॉप पर 78 हजार सब्सिडी

**राजगढ़ 30 जुलाई, का.** प्रदेश में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों को दिलाने के लिये शासन प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य कर रहा है. योजना के तहत 3 किलोवाट का सोलर सिस्टम लगाने पर शासन द्वारा 78 हजार रूपये की सब्सिडी का लाभ उपभोक्ताओं को दिया जा रहा है. आमजन से अपील की गई है कि पीएम सूर्य घर पोर्टल पर अधिक से अधिक आवेदन करें.

## चौरसिया समाज ने आराध्य देव नागदेव की पूजा की



**नवभारत न्यूज**
**कुरावर 30 जुलाई, सं.** माहेश्वरी धर्मशाला में चौरसिया समाज ने अपने आराध्य देव नाग देवता की पूजन शास्त्रो विधि से संपन्न करायी. जिसमें कुरावर के अलावा छापरी खरदोन पचोर बोड़ा नरसिंहगढ़ ब्यावरा राजगढ़ सारंगपुर व आसपास के गांव में रहने वाले चौरसिया बंधु पूजन करने के लिए उपस्थित हुए. बच्चों द्वारा की गई साथ ही छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुतियां भी दी गई पूजन से पहले सभी ने एक दूसरे को मंगल तिलक लगाकर गले मिलकर बधाई और समाज के विकास के लिए विचार प्रस्तुत किये साथ ही सामाजिक बंधुओं का परस्पर सहयोग करने का भी संकल्प लिया. समाज में अच्छे कार्य करने वाले सामाजिक जनों का भी स्वागत सम्मान किया. विधिवत पूजन अर्चन करने के बाद भगवान की आरती उतारी और सामूहिक भोज का आनंद लिया बाहर में पधारे हुए सभी अतिथियों का आभार स्थान सामाजिक जनों द्वारा किया गया.

**संकट** ▶ **जलमग्न फसलों को लेकर चिंतित किसान, अनवरत् हो रही बारिश से खेतों में भराया पानी**

# फसलों के लिए वरदान बारिश से अब संकट बना

**लगातार बारिश से अब फसलों के खराब होने का डर सताने लगा**

**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा 30 जुलाई, का. फसलों के लिए बारिश का होना जरुरी है, बारिश फसलों के लिए वरदान है किंतु विगत दिवस से हो रही लगातार बारिश से अब फसलों पर संकट आ खड़ा हुआ है. खेतों में फसलें जलमग्न होने लगी है.**

विदित है कि विगत दिवस से बारिश का क्रम बराबर जारी है. अधिकांश जगहों पर खेतों में पानी भर गया है. फसलें पानी में जलमग्न है. अधिक समय तक पानी में रहने से फसलें पीली



होकर कमजोर गई है. कुछ जगहों पर सोयाबीन फसल में फूल आना शुरु हुआ था कि जल भराव से फसलों पर संकट आ खड़ा हुआ है.

**हजारों रुपये खर्च हो चुका**
हजारों रुपये खर्च कर बीज, खाद की व्यवस्था कर बोवनी की. बोवनी के प्रारंभ में बेहतर बारिश से फसल काफी अच्छी स्थिति में आ पहुंची थी किंतु विगत कुछ दिनों से निरंतर हो रही बारिश ने फसलों को नुकसान पहुंचाना शुरु कर दिया. खेतों में काफी मात्रा में पानी भरा है. कई दिनों से फसलें पानी में डूबी होने से खराब होने लगी है. कुछ दिन ऐसा ही रहा तो पौधे की जड़ को भी नुकसान होने लगेगा.

### जल भराव ने रोकी फसलों की ग्रोथ

जिन जगहों पर खेतो में अधिक जल भराव है वहां पर फसल पीली होकर उसकी ग्रोथ थमने लगी है. कई जगह पर फसल में फूल आने लगे थे किंतु अब फसलों पर संकट के बादल मंडराने लगे है. कृषि विभाग का कहना है कि फसलों को सुरक्षित करने जल निकासी आवश्यक है. पठारी क्षेत्र वाले खेतो में तो पानी निकासी हो रही है लेकिन समतल या नीचले स्थानों पर मौजूद खेतों में अनवरत् बारिश के कारण जल भराव बना हुआ है. कई दिनों से फसलों के पानी में डूबा रहने से खतरा मंडरा रहा है.

------------

खेतों में पानी भरा होने से फसलों को नुकसान पहुंच रहा है. पौधा पीला होकर प्रभावित हो रहा है. इसके लिए जल निकास जरुरी है. अधिक समय तक पानी भरा होने से नुकसान की संभावना और बढ़ेगी. खेतों में जमा पानी की निकासी आवश्यक है ताकि फसल को अधिक नुकसान से बचाया जा सके.

**एन.एस. हरियाले**
**वरिष्ठ कृषि अधिकारी, कृषि विभाग ब्यावरा**

## घरेलू गैस सिलेण्डर का व्यवसायिक उपयोग पर नोटिस

### गैस कनेक्शन के संबंध में कोई वैध दस्तावेज नहीं

**नवभारत न्यूज**
**राजगढ़ 30 जुलाई, का. कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी नरसिंहगढ़ द्वारा गत दिवस कुरावर में जीन मोहल्ला स्थित प्रतिष्ठा न राठौर मिर्ची भण्डार का औचक निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान दुकान में मारूति ईको, इण्डियन ऑयल कंपनी के घरेलू गैस सिलेण्डिर, नियो कंपनी की विद्युत मोटर की सहायता से भरते हुए पाए गए और मौके पर इण्डियन ऑयल कंपनी के 5 घरेलू सिलेण्डार, नियो कंपनी की 2 विद्युत मोटर मय नोजल व पाईप पाए गए.**

मौके पर गैस कनेक्शेन के संबंध में कोई वैध दस्तािवेज उपलब्ध नहीं कराए गए. उक्त सामग्री वाहन जब्त किया गया. उक्त कृत्य द्रवीकृत पेट्रोलियम



गैस प्रदाय और वितरण विनियम ओदश आवश्यनक वस्तुय अधिनियम 1985 की धारा 3/7 के अंतर्गत होने दण्डनीय है. कार्यवाही में अमन राठौर निवासी राठौर मिर्ची भण्डार जीन मोहल्ला कुरावर, पवन राठौर निवासी लसूड़लिया रामनाथ तथा प्रदीप मीणा निवासी छापरी दोराहा को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया.